newsjankalyanseva@gmail.com

# जनकल्याण सेवा

साप्ताहिक

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - १८ | २२ से २८ मई २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## राजनितिक गलियारों में चुनावी गुंज

महाराष्ट्र में अगले हफ्ते एकनाथ शिंदे सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार किया जाएगा। इसको लेकर खाका तैयार किया जा चुका है। इस कैबिनेट विस्तार में शिंदे कैंप के आठ विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है। ९ अगस्त, २०२२ को एकनाथ शिंदे की कैबिनेट का विस्तार हुआ था। जिसमें १८ विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी। इनमें नौ मंत्री बीजेपी और नौ मंत्री शिंदे के गुट के हैं। ३० जून को एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। जबकि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को डिप्टी सीएम बनाया गया था। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में भी भाजपा की तरफ से चंद्रकांत पाटिल, सुधीर मुनगंटीवार, गिरीश महाजन, राधाकृष्ण विखे पाटिल, सुरेश खाडे, अतुल सावे, रवींद्र चह्वाण, मंगल लोढा, विजय कुमार गावित मंत्री हैं। जबकि शिवसेना शिंदे कैंप से संदीपन भुमरे, उदय सामंत, दादा भुसे , शंभुराज देसाई, गुलाबराव पाटिल, संजय राठौड, तानाजी सावंत, दीपक केसरकर और अब्दुल सत्तार मंत्री हैं। महाराष्ट्र बीजेपी प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने गुरुवार को कहा है कि महाराष्ट्र में भाजपा ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में ५१ प्रतिशत वोट शेयर हासिल करने का लक्ष्य रखा है। बावनकुले ने बीजेपी राज्य कार्यकारिणी की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत की। बावनकुले ने कहा कि बैठक में सभी नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुए। बावनकुले ने कहा कि बैठक के दौरान हमने महाराष्ट्र में ५१ प्रतिशत वोट शेयर हासिल करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस बैठक के बाद हमारे नेता और पार्टी कार्यकर्ता आगामी लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों की तैयारी के लिए नई ऊर्जा के साथ चुनाव अभियान में जुटेंगे। हमने २८८ विधानसभा सीटों में से ५१ फीसदी वोट शेयर और २०० से ज्यादा सीटें हासिल करने का लक्ष्य रखा है। राज्य भाजपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा और शिवसेना मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सभी ४८ लोकसभा सीटों और २८८ विधानसभा सीटों पर चुनाव लडेग़ी। उन्होंने कहा कि हमारी लडाई कांग्रेस, एनसीपी और उद्धव गुट के खिलाफ है। हमने महाविजय २०२४ मिशन के तहत राज्य में ५१ फीसदी वोट शेयर का लक्ष्य रखा है। हम घर चलो संपर्क अभियान के जरिए मतदाताओं तक पहुंचेंगे।

# मिरा भाईंदर में चोरो ने मचाया कोहराम, पुलिस की दबीश से चोरों में मचा हडकंप

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा-भायंदर, वसई - विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत नवघर तथा काशीमीरा पुलिस थाने के क्राइम ब्रांच यूनिट ने चोरी के अलग-अलग वारदातों के आरोपियों को पकड़कर क्रमश: ७५ हजार और २ लाख ९६ हजार रुपए मूल्य की चोरी गई संपत्ति बरामद की है, ऐसी जानकारी पत्रकार परिषद के दौरान पुलिस उप आयुक्त परिमंडल - १ जयंत बजबले, सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. शशीकांत भोसले (नवघर, सहायक पुलिस आयुक्त विलास सानप (मीरा रोड) ने दी। नवघर पुलिस थाने के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विजय पवार के अनुसार भायंदर पूर्व के एसएन कॉलेज के पास स्थित इंदिरा नगर चाल निवासी राहुल ओमप्रकाश हरिजन ने नवघर पुलिस थाने में ओप्पो कंपनी के २० हजार रुपए मूल्य की मोबाइल तथा उसके पैंट के जेब में रखे ५ हजार रुपए नगद किसी अज्ञात चोर द्वारा १३ मई की सुबह ३ बजे चुरा लिए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। क्राइम ब्रांच नवघर के पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार शिंदे व सपुनि योगेश काले की टीम ने घटना स्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज तथा गोपनीय सूत्रों से जानकारी जमा कर इंदिरा नगर चाल में ही रहने वाले रिक्शा चालक विवेक विश्वनाथ तोरडे (२६) को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में विवेक ने चोरी की ५ वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उसके पास से विभिन्न कंपनियों के ७० हजार रुपए मूल्य के ९ मोबाइल फोन और ५ हजार रुपए नगद बरामद की गई है। वहीं काशीमीरा पुलिस थाने के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक संदीप कदम ने बताया कि भायंदर पूर्व के जेसल पार्क स्थित न्यू समीर बिल्डिंग में रहने वाले देव गोपी शर्मा ने काशीमीरा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि ३ मई को शाम को ७ बजे डॉन बॉस्को स्कूल के पास से जाते समय एक रिक्शा से तीन अज्ञात लोगों ने उसके गाल पर थप्पड़ मार कर उसके जेब से जबरदस्ती मोबाइल छीन ली थी। इसकी जांच काशीमीरा क्राइम ब्रांच के पुलिस निरीक्षक कुमार गौरव धादवड., सपुनि पुलिस निरीक्षक प्रशांत गांगुर्डे की टीम को सौंपी गई थी। क्राइम ब्रांच की पुलिस गश्त के दौरान मीरा रोड पूर्व के वेस्टर्न होटल से हाटकेश की तरफ जाने वाले सडक़ पर एक संदेहास्पद ऑटो रिक्शा दिखाई दी। पुलिस ने उस रिक्शा का पीछा कर इरशाद अब्दुल रौफ अंसारी (३०), मोहसीन महमूद खान (२६) शाहिद अख्तर अंसारी (२७) को हिरासत में लेकर जांच की तो पाया कि तीनों ही भिवंडी के रहने वाले हैं। उनके ऑटो रिक्शा में काले बैग के अंदर विभिन्न कंपनियों के २७ मोबाइल बरामद हुए। उस मोबाइल में देव गोपी शर्मा के मोबाइल का भी समावेश था। उनके द्वारा इस्तेमाल की जा रही रिक्शा भी चोरी की थी। जिसकी शिकायत काशीमीरा पुलिस थाने में पहले से दर्ज थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से २ लाख ९६ हजार मूल्य की संपत्ति बरामद की गई है।

# किसान केमिकल खाद की बजाय कुदरती खाद से खेती करें




**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड : कांग्रेस के पूर्व विधायक मुजफ्फर को राजीव गांधी कृषि रत्न पुरस्कार दिए जाने की घोषणा। हुसैन अपने नागपुर एंव डहाणू स्तिथ अस्मिता ऑर्गेनिक फॉर्म पर कुदरती खाद और कम लागत से अधिक पैदावर कैसे की जाय इस पर पर विशेषज्ञों की सलाह से खेती में क्रांति लाने का प्रयास कर रहे है। हुसैन ने एक फसल के साथ अन्य कौन सी फसल उगाई जा सकती है इसका सफल प्रयोग किया है, जिससे कम लागत में अधिक पैदावर हो रही है। गौरतलब है की विदर्भ में मसालों की उपज असंभव मानी जाती है, परंतु हुसैन ने इसे नागपुर में संभव कर दिखाया। नागपुर में कई प्रकार के मसलों की प्रजाति हुसैन ने अपनी नर्सरी में लगा रखी है, जिनका सफलता पूर्वक रोपण अस्मिता ऑर्गेनिक फॉर्म की खेतियों में किया जाता है। गन्ने की खेती कैसे फायदेमंद हो इसके साथ दूसरी फसल कैसे लगाई जाए, इसमें भी अस्मिता ऑर्गेनिक फॉर्म ने महारत हासिल कर ली है। चावल गेहू दाल की खेती गोमूत्र गोबर बेसन गुड़ से बनाई खाद से की जा रही है। अस्मिता ऑर्गेनिक फॉर्म में राज्य के किसानों को मुफ्त सलाह दी जाती है। हुसैन ने बताया कि वो चाहते है की राज्य और देश के किसान केमिकल खाद की बजाय कुदरती खाद से खेती करें क्योकि कुदरत ने इसकी सुविधा दी है। गोमूत्र गोबर मिर्च अदरक निम के पत्तो से अग्निअस्त्र खाद और नीम के पत्तो उनकी टहनियों गोमूत्र एरंडा बेलपत्र धतूरा से ब्रम्हास्त्र खाद फसल के लिए संजीवनी बन रही है।

# अपराधियों पर नकेल कसनेवाला दया नायक की वापसी से अपराधियों में दहशत का माहौल

मुंबई: एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक की करीब दो दशक बाद मुंबई क्राइम ब्रांच में वापसी हुई है। उन्हें शनिवार को प्राइम यूनिट मानी जाने वाली बांद्रा क्राइम ब्रांच में पोस्टिंग मिली है। जब मुंबई में अंडरवर्ल्ड की दहशत पीक पर थी, तब दया नायक अंधेरी सीआईयू में कार्यरत थे। वहां उन्होंने साल १९९९ से २००३ के बीच काम किया। फिर उनकी कांदिवली पुलिस स्टेशन में पोस्टिंग हुई। बाद में उन्हें फिर से सीआईयू में वापस लिया गया। अब अंधेरी सीआईयू का वजूद खत्म हो चुका है। अब सिर्फ एक ही सीआईयू है, जो मुंबई पुलिस मुख्यालय में है। तीन साल पहले सचिन वाझे उसके प्रभारी थे। वाझे एंटीलिया जिलेटिन कांड और हिरेन मनसुख मर्डर की वजह से इन दिनों जेल में बंद हैं। उनकी गिरफ्तारी हालांकि एनआईए ने की थी, लेकिन एनआईए को केस ट्रांसफर होने से पहले महाराष्ट्र एटीएस में जिन अधिकारियों ने इन दोनों केसों का इनवेस्टिगेशन किया था, उनमें दया नायक भी थे। दया नायक ने ८४ एनकाउंटर किए और अपने पुलिस करियर में हजार से ज्यादा अपराधियों को



गिरफ्तार किया। वह महाराष्ट्र एटीएस में भी करीब साढे. तीन साल तक कार्यरत रहे। राम गोपाल वर्मा की फिल्म अब तब ५६ के प्रमुख किरदार को लेकर हमेशा विवाद रहा। प्रदीप शर्मा, जो दया नायक के कभी बॉस रहे, उनका कहना था कि फिल्म अब तक ५६ का मुख्य किरदार उन पर केंद्रित था। जबकि दया नायक के करीबियों का दावा है कि इस फिल्म में प्रमुख किरदार की पृष्टभूमि दया नायक के इर्द-गिर्द थी। दया नायक की क्राइम ब्रांच में वापसी को इस संकेत के तौर पर भी देखा जा रहा है कि आने वाले दिनों में कुछ और पुराने व अनुभवी अधिकारियों की मुंबई क्राइम ब्रांच में पोस्टिंग हो सकती है। सचिन वाझे की वजह से जब क्राइम ब्रांच बदनाम हुई थी, तब दो साल पहले लगभग पूरी क्राइम ब्रांच में बदलाव किया गया था और वहां कार्यरत अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया गया था।

# सगाई करनेवाला दुल्हा पहुंचा सलाखो के पिछे



**जेकेएस संवाददाता**

कल्याण : सगाई के चार साल बाद किसी अन्य युवती के साथ शादी करने का मामला सामने आया है। शादी से वापस आने के बाद विष्णुनगर पुलिस ने धोखेबाज दूल्हे को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, डोंबिवली का रहनेवाला एक युवक पीड़ित लड़की के साथ ४ साल पहले शादी समारोह में मिला और उसे स लड़की से प्यार हो गया। युवक ने अपने माता-पिता से कहकर लड़की से सगाई कर ली, इसके बाद वो पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध स्थापित करने लगा। ४ साल तक आरोपी ने शादी का वादा कर पीड़िता को बेवकूफ बनाया और अचानक किसी दूसरी लड़की से उसने विवाह रचा लिया। इस बात की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने विष्णुनगर थाने में युवक और उसके माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके माता-पिता की तलाश शुरू कर दी है।

# सार्वजनिक कार्यों में ड्रोन का होगा इस्तेमाल

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : कृषि, पौधा रोपण, जेल की सुरक्षा, अवैध निर्माण जैसे विभिन्न कार्यों के लिए वर्तमान में ड्रोन का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है। ड्रोन की उपयोगिता को समझते हुए राज्य सरकार ने ड्रोन के लिए व्यापक नीति तैयार करने को मंजूरी दी है। अगले कुछ दिनों में ड्रोन नीति को अंतिम मंजूरी दे दी जाएगी। इसके बाद सार्वजनिक कार्यों में ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ने की शुरुआत हो जाएगी। हाल ही में राज्य सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभिन्न उपक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के संदर्भ में सह्याद्री अतिथि गृह में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सूचना प्रौद्योगिकी के



आधार पर सोशल मीडिया पर शिकायतों के निराकरण की जानकारी दी गई। इसमें ड्रोन के इस्तेमाल का भी समावेश था। ड्रोन कई उद्देश्यों के लिए उपयोगी है और सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा भी इसका उपयोग किया जाता है। इसके लिए व्यापक ड्रोन नीति को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसकी जानकारी भी उक्त बैठक में दी गई। इस बैठक में सूचना प्रौद्योगिकी प्रमुख सचिव पराग जैन एवं सूचना प्रौद्योगिकी निदेशक जयश्री भोज ने इस संदर्भ में प्रस्तुतीकरण किया। पिछले कुछ वर्षों में कृषि में ड्रोन का उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। पश्चिमी महाराष्ट्र की अधिकांश सहकारी चीनी मिलों में ड्रोन का उपयोग किया गया है। सरकार के स्तर पर भी ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने सौ फीसदी सब्सिडी देने की योजना का एलान किया है। राज्य सरकार भी इस संदर्भ में केंद्र का अनुकरण कर रही है। राज्य की जेलों पर भी ड्रोन से नजर रखी जाएगी। उत्तर प्रदेश में जेलों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल किया गया है। इसी तर्ज पर राज्य सरकार ने जेलों में आवाजाही को रिकॉर्ड करने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल को मंजूरी दी है। इसके अनुसार, राज्य की आठ मध्यवर्ती जेलों और दो जिला जेलों और दो खुली जेलों में आवाजाही पर ड्रोन के माध्यम से नजर रखी जाएगी। यह योजना प्रायोगिक आधार पर लागू की जाएगी। इस बीच, येऊर जंगलों में अवैध गतिविधियों और अवैध शिकार करनेवालों पर नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। जंगलों के दूर-दराज इलाकों में अक्सर अवैध निर्माण होते रहते हैं। इसके अलावा शराब की भट्ठियों, जंगलों में लगी आग जैसी तमाम चीजों पर नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जाता था। पीएमआरडी ने अनधिकृत निर्माणों पर नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इसके अलावा पुलिस ने कानून-व्यवस्था, मोर्चे और सभाओं पर नजर रखने के लिए बड़े पैमाने पर ड्रोन का इस्तेमाल भी शुरू कर दिया है। इसलिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने सभी क्षेत्रों में ड्रोन का उपयोग बढ़ाने के लिए व्यापक नीति बनाने का निर्णय लिया है।

# यातायात का उल्लंघन करनेवालों पर पुलिस की गिरेगी गाज

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : काशीमीरा ट्राफिक पुलिस द्वारा मीरा भायंदर शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती है।मीरा भायंदर, वसई विरार पुलिस आयुक्तालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्राफिक पुलिस ने अवैध यात्री परिवहन, परमिट तथा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले १७४ चालकों के खिलाफ १ जनवरी से १६ मई २०२३ के बीच ट्रैफिक नियम ६६/१९२ के तहत कार्रवाई करते हुए उनसे १,७४,००० रुपये का जुर्माना वसूल किया गया है। जिन वाहनों पर जुर्माना लगाया गया है उनमें रिक्शा, निजी बसें शामिल हैं। यातायात नियमों उल्लंघन करने वालों पर यातायात विभाग के माध्यम से जुर्माना लगाया जाता है और उनकी काउंसलिंग की जाती है और उन्हें ट्रैफिक नियमों का कडाई से पालन करने की सीख दी जाती है । यातायात विभाग के सहायक पुलिस निरीक्षक मंगेश कड ने कहा कि शहर के वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। पिछले एक साल में करीब लाखों वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया है, इसलिए, यह देखा गया है कि शहर में ९०% वाहन चालकों ने यातायात नियमों का पालन करना शुरू कर दिया है। यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं की काउंसलिंग की जाती है, दूसरों को भी उनके माध्यम से यातायात नियमों के बारे में सिखाया जाता है, जिससे यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा हो रही है।

# सवाल पर बवाल : शर्टलेस फोटो पर शरमाईं बिन्नी बहू !

आईपीएल–२०२३ का ब्रॉडकास्टर चैनल स्टार स्पोर्टस इस समय सोशल मीडिया पर विवादों में घिर गया है। इसका कारण है गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच हुए मैच से पहले का प्री शो। इस शो में ऐसा कुछ हो गया था कि शो में मौजूदा महिला एंकर्स जिसमें मयंति लैंगर भी शामिल थीं, वह सभी थोड़ी असहज सी दिखाई दे रही थीं। इस शो में एंकर थे जतिन सपरू और उनके साथ थे बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल। जतिन और विद्युत एक तरह से ये शो होस्ट कर रहे थे और उनके सामने चार महिलाएं बैठी हुई थीं। इन चारों के साइड में मौजूदा स्क्रीन पर क्रिकेटरों की तस्वीरें दिखाई जा रही थीं। बस यहीं कुछ ऐसा हो गया था कि महिला एंकर्स असहज हो गई थीं। मयंति भारत के पूर्व क्रिकेट स्टुअर्ट बिन्नी की पत्नी और बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी की बहू हैं। दरअसल, इन महिलाओं को क्रिकेटरों की तस्वीरें दिखाई जा रही थीं, जिसमें वह शर्टलेस थे। तस्वीरें दिखाकर महिला एंकरों से पूछा जा रहा था कि उनके मुताबिक, किसकी बॉडी हॉट है और किसकी नहीं। हालांकि महिला एंकर हंस जरूर रही थी, लेकिन वो सहज नजर नहीं आ रही थीं। महिला एंकर्स को शुभमन गिल, विराट कोहली और आंद्रे रसेल की फोटोज दिखाई गई। फोटोज दिखाते वक्त सबसे ज्यादा दिक्कत में मयंति लैंगर ही नजर आ रही थीं। जब गिल की फोटो आई तो मयंति ने नजरें तक झुका लीं। साथ ही उन्होंने अपने सिर पर हाथ रखकर मुंह फेर लिया। इस शो को देख स्टार स्पोटर्स की सोशल मीडिया पर जमकर किरकिरी हो रही है।




# बोल्ट का बोल्ड रिकॉर्ड ! गेंद फेंकते ही हवा में उड़े ट्रेंट

राजस्थान रॉयल्स के दिग्गज तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट हमेशा से ही अपनी खतरनाक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। उनका पहला ओवर यानी विकेट की गारंटी होता है। आईपीएल के हैरान कर देनेवाले आंकड़े तो यही बताते है। बोल्ट का इस सीजन में पहले ओवर में विकेट लेने का सिलसिला अब भी जारी है। आईपीएल २०२३ में बोल्ट ने पहले ओवर में सबसे ज्यादा ७ विकेट हासिल किए। ओवरऑल आईपीएल करियर में बोल्ट ने पहले ओवर में २२वां विकेट चटकाया। उनसे आगे सिर्फ भुवनेश्वर कुमार (२५) हैं। बोल्ट का ये आंकड़ा इसी ओवर में बढ़ सकता था। ओवर की आखिरी गेंद पर नए बल्लेबाज अथर्व ताइडे ने भी बिल्कुल प्रभसिमरन की तरह वापस शॉट खेला, लेकिन इस बार बोल्ट बिल्कुल वैसे ही कैच को लपक नहीं सके। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के दिग्गज पेसर ने पिछले कुछ सीजनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। खास तौर पर पहले ही ओवर में विकेट लेने की आदत ने उन्हें हिट बना दिया है और ये कमाल उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ भी जारी रखा, वो भी एक जबरदस्त कैच के साथ। हालांकि, मैच का परिणाम जो भी रहा हो लेकिन ट्रेंट बोल्ट के इस आसमानी कैच ने समां बांध दिया। धर्मशाला में इस मुकाबले में राजस्थान ने पहले गेंदबाजी की और हमेशा की तरह ट्रेंट बोल्ट ने ही गेंदबाजी की शुरुआत की। पहली गेंद पर ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने दो रन बटोरे। अगली गेंद पर बोल्ट ने लेंथ और लाइन में बदलाव किया और प्रभसिमरन ने डिफेंड करने की कोशिश में गेंद को वापस बोल्ट की ओर खेल दिया। दोनों हाथों से एक बेहतरीन कैच लपकते हुए प्रभसिमरन को आउट कर दिया।



# जुर्माना भी, बैन भी

खबर फुटबाल के मैदान से है। ब्रेंटफोर्ड के इंग्लिश स्ट्राइकर इवान टोनी को फुटबॉल एसोसिएशन ने सट्टेबाजी नियमों का उल्लंघन करने के लिए आठ महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है, साथ ही ५०,००० पाउंड (लगभग ६२,५०० अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया है। इस साल की शुरूआत में पदार्पण करनेवाले २७ वर्षीय खिलाड़ी ने २३२ बार नियमों के उल्लंघनों को स्वीकार किया। यह नियम खिलाड़ियों या कोचों को सभी मैचों के परिणामों पर सट्टेबाजी करने से रोकता है। टोनी अब १६ जनवरी २०२४ तक नहीं खेल पाएंगे और वह इस साल १७ सितंबर तक ब्रेंटफोर्ड के साथ प्रशिक्षण नहीं ले पाएंगे। यह पैंसला साउथ वेस्ट लंदन क्लब के लिए एक बड़ा झटका है। टोनी ने इस सीजन में ३३ प्रीमियर लीग मैचों में २० गोल किए हैं और पिछले सीजन में १२ गोल किए थे।

# बुलेट ट्रेन के लिए काटे जाएंगे ६४,२४१ पेड़ !

मुंबई : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट बुलेट ट्रेन के लिए पालघर जिले में ६४ हजार २४१ पेड़ काटे जाएंगे। मोदी की संकल्पना के तहत शुरू बुलेट ट्रेन परियोजना पर कुल एक लाख ८ हजार करोड़ रुपए खर्च होने वाले हैं। माना जा रहा है कि यह पूरी परियोजना घाटे की परियोजना है। इस योजना के तहत पालघर जिले के वसई, पालघर, दहानू और तलासरी के विशाल और औषधीय वन संसाधन भी नष्ठ हो जाएंगे। इन पेड़ों की कटाई के लिए महाराष्ट्र स्टेट ट्री अथॉरिटी ने लाइसेंस जारी किया है। यह सूचना केंद्रीय रूप से जारी की गई है। उधर पालघर के लोगों में वनसंपदा नष्ठ किए जाने को लेकर नाराजगी व्याप्त है। पेड़ कटाई को लेकर उनमें आक्रोश है। उनका कहना है कि हमारे हजारों दुर्लभ पेड़ बुलेट ट्रेन के पहियों के नीचे क्यों कुचले जा रहे हैं ? इन पेड़ों को हमें बचाना होगा। स्थानीय लोगों ने कहा कि किसी ने बुलेट ट्रेन की मांग नहीं की फिर भी केंद्र सरकार यह परियोजना हम पर जबरन थोप रही है। इसे स्वीकार करने के लिए हमें मजबूर किया गया है। इसके लिए ९४ फीसदी जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। आठ स्टेशन गुजरात में हैं बाकी महाराष्ट्र में होंगे।



# फडणवीस की फिरकी ! घर और पद छोड़ने की कर डाली पेशकश



मुंबई : पुणे में आयोजित एक सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सामने ही पद और घर तक छोड़ने की बात उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कह डाली। दरअसल, प्रदेश भाजपा में तावड़े के बढ़ते कद से परेशान फडणवीस ने बौखलाहट में कार्यकर्ताओं के सामने इन शब्दों में फिरकी ली है। पुणे में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की प्रमुख उपस्थिति में भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अगले एक साल तक बिना किसी लालच के पार्टी के लिए ही काम करें, साथ ही पार्टी के लिए त्याग करने को तैयार रहें। उन्होंने आगे कहा कि आप मुझसे कहें तो मैं अपने पद का त्याग करने को तैयार हूं। इतना ही नहीं, कार्यकर्ता कहें तो मैं एक साल के लिए घर छोड़ने को भी तैयार हूं, ऐसा फडणवीस ने कार्यकर्ताओं की आड़ में अप्रत्यक्ष रूप से अपनी भड़ास निकाली है। फडणवीस का उक्त बयान राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है। राजनीतिक गलियारे में चल रही चर्चा के मुताबिक, फडणवीस का उक्त बयान भाजपा में विनोद तावड़े के बढ़ रहे कद को देखते हुए बौखलाहट में दिया गया है। फडणवीस ने भाजपा में जितने पुराने नेता थे उन्हें एक–एक करके ठिकाने लगा दिया था।









































## गली बॉय बनेगा डॉन



बहुत जल्द ही बॉलीवुड का गली बॉय अब डॉन बनकर दर्शकों को डराने आ रहा है। बता दें कि डॉन फ्रैंचाइजी की नई फिल्म कई दिनों से सुर्खियों में बनी हुई। पैंस को भी अब डॉन- ३ का इंतजार है। इस फिल्म से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट की मानें तो अब इस फिल्म में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया जा सकता है। कहा जा रहा है कि रणवीर एक्सेल एंटरटेनमेंट के फेवरेट रहे हैं, एक्टर ने बैनर के साथ पहले दिल धड़कने दो, गली बॉय जैसी फिल्मों में काम किया है। रिपोर्ट के अनुसार, सोर्स का कहना है कि ३मेकर्स डॉन- ३ के लिए ऐसा नाम खोज रहे थे, जो पॉपुलर हो और डॉन की विरासत को आगे लेकर जाए। यह कोलैब्रेशन अभी तक सक्सेसफुल रहा है, इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा अगर यह एक और रनवे हिट देता है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोडक्शन हाउस जल्द ही ऑफिशियल अनाउंसमेंट के लिए वीडियो रिलीज करेगा।

## ये ऐसी क्यों है ?

आज बॉलीवुड में आलिया भट्ट का बोलबाला है। लेकिन क्या आप जानते हो कि एक्टिंग में नंबर १ आलिया एज्युकेशन के मामले में जीरो हैं। जी हां, एक्ट्रेस सिर्फ १०वीं तक ही पढ़ी-लिखी हैं। १०वीं के बाद आलिया ने एक्टिंग करने का पैंसला किया, जिसकी वजह से उनकी पढ़ाई पीछे रह गई। कम पढ़े-लिखे होने की वजह से उनके पास नॉलेज का आभाव था और वो अक्सर मीडिया के सामने गलत जवाब दिया करती थीं। ऐसे में लोग उन्हें खूब ट्रोल करते थे और उनसे यही पूछते थे कि आलिया आप ऐसी क्यों हो ? बता दें कि एक्ट्रेस अपनी पहली फिल्म के प्रमोशन के दौरान करण जौहर के शो कॉफी विद करण में पहुंची थीं, जहां उनसे देश के राष्ट्रपति का नाम पूछा गया तो उन्होंने पृथ्वीराज चौहान जवाब दिया था, जिस वजह से लोगों ने आलिया की खूब खिल्ली उड़ाई थी। इसके अलावा शाहिद कपूर के साथ उनका एक पुराना वीडियो भी वायरल हो रहा है। शाहिद वीडियो में ६वीं क्लास का मुहावरा आलिया को बता रहे होते हैं, लेकिन आलिया को कुछ समझ नहीं आता है। ऐसे में आलिया एक मुहावरा गलत बोलती हैं, जिस पर शाहिद उन्हें टोकते हैं। इस पर वे कहती हैं, मुझे बस वो वाला याद है, आंख बबूला होना। इस पर शाहिद कपूर बोलते हैं, ॐअरे वो आंख बबूला नहीं, बल्कि आगबबूला होता है। दोनों का ये वीडियो शानदार के प्रमोशन के वक्त की है।



## वरना दीपू को पीकू न मिलती

साल २०१५ में दीपिका पादुकोण की फिल्म पीकू तो आपको याद ही होगी: इस फिल्म में दीपिका के अभिनय को काफी पसंद किया गया था। लेकिन क्या आप जानते हैं इस फिल्म के लिए दीपिका पहली पसंद नहीं थीं। दरअसल, इस फिल्म के लिए शूजीत सरकार की पहली पसंद अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा थीं। जी हां, आपने सही पढ़ा। खबरों के मुताबिक, शूजीत सरकार अपनी फिल्म पीकू में परिणीति को बतौर हीरोइन कास्ट करना चाहते थे, लेकिन परी ने उन्हें मना कर दिया, क्योंकि उस दौरान वे किसी अन्य फिल्म में व्यस्त थीं। ऐसे में परी के न कहने के बाद शूजीत की दूसरी पसंद दीपिका बनीं। दीपिका को पीकू का रोल ऑफर किया गया। तब दीपिका ने झट से हां कर दिया क्योंकि उन्हें फिल्म की कहानी काफी पसंद आई थी। बता दें कि फिल्म पीकू हिट हुई थी और एक्ट्रेस की एक्टिंग की जमकर तारीफ हुई थी। दीपिका की वन ऑफ द बेस्ट फिल्मों में से पीकू एक मानी जाती है। इस फिल्म में दीपिका के अलावा अमिताभ बच्चन और इरफान खान मुख्य भूमिका में नजर आए। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। खैर, अब परी को इस फिल्म को न कहने का अफसोस तो आज भी होगा लेकिन वो कहते हैं न अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत: !



## लिप्स पर टिकीं निगाहें

हमेशा ग्लैमरस और खूबसूरत दिखनेवाली एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों कुछ अजीबोगरीब अवतार में नजर आ रही हैं। इन दिनों वे कांस फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा तो बिखेर रही हैं लेकिन उसी के साथ ही अजीबोगरीब पैंशन को लेकर चर्चा में भी बनी हुई हैं। हालांकि, ड्रेस के मामले में तो उन्होंने बेहद प्यारी ड्रेस पहनी है लेकिन कई लोगों को उनकी लिपस्टिक का शेड कुछ खास पसंद नहीं आया। यही वजह है कि अब वे अपने लुक को लेकर ट्रोल भी हो गई हैं। दरअसल, उर्वशी ने कांस फेस्टिवल के तीसरे दिन रेड कार्पेट पर व्हाइट और ब्लू कलर का गाउन पहना था। इस लुक में उर्वशी ग्लैमरस नजर आईं। इस आउटफिट के साथ उर्वशी ने गले में हैवी डायमंड नेकलेस वैंरी किया था, लेकिन लोगों की नजरें उनके आउटफिट से ज्यादा उनके लिप्स पर किटकी रही। उर्वशी ने इस ड्रेस के साथ ब्लू लिपस्टिक लगाया था, जो उनके लुक पर काफी सूट भी कर रहा था, लेकिन उन्हें देखकर लोगों का यही कहना है कि आखिर उर्वशी ने यह क्या हाल बना रखा है: ?



## चांदी जैसा रंग है तेरा :



चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल: ! यह गीत विश्वसुंदरी ऐश्वर्या राय बच्चन पर बिल्कुल फिट बैठता है। पिछले २१ सालों से विश्वसुंदरी ऐश्वर्या राय कांस फिल्म फेस्टिवल में रेड कारपेट पर अपने पैंशन का जलवा बिखेर रही हैं। ब्लैक और सिल्वर गाउन में एक्ट्रेस को पैंस एकटक देखते ही रह गए।

# महाराष्ट्र से हर दिन औसतन ७० लड़कियां गायब! कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक से की मुलाकात

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : महाराष्ट्र से हर दिन औसतन ७० लड़कियां गायब हो रही हैं। ऐसी रिपोर्ट है कि जनवरी से मार्च २०२३ तक तीन महीने की अवधि में राज्य से लगभग ५,५१० लड़कियां लापता हो गई हैं। पटोले ने कहा कि जहां राज्य से लड़कियां और महिलाएं गायब हो रही हैं, वहीं सत्ताधारी दल के नेता केरल स्टोरी फिल्म देखने में व्यस्त हैं। लापता लड़कियों के मामले में महिलाओं की सुरक्षा के लिए तत्काल उचित कदम उठाए जाने चाहिए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में कानून का राज्य है लेकिन इसे बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाए जाने की जरूरत है। महाराष्ट्र में कानून का राज है और सामाजिक सद्भाव को बनाए रखना हमारी परंपरा है, लेकिन पिछले कुछ महीनों की घटनाओं को देखकर ऐसा लगता है कि कुछ लोग राज्य में कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं। कुछ संगठन दो धर्मों के बीच दरार पैदा करने और दंगे कराने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ लोग भड़काऊ बयान देकर माहौल खराब कर रहे हैं। कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने की। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले के नेतृत्व में कल कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय सक्सेना से मुलाकात की और राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की। इस प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, पूर्व मंत्री व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान, प्रदेश महासचिव मुनाफ हकीम, प्रदेश महासचिव देवानंद पवार, गजानन देसाई, प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन, सुनील खांडगे समेत कई नेता शामिल थे। मीडिया से बात करते हुए नाना पटोले ने आगे कहा कि संभाजीनगर, अमरावती, अकोला, शेवगाव, नगर और त्र्यंबकेश्वर में जान-बूझकर राज्य की सामाजिक एकता को बिगाड़ने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि बिगड़ती कानून-व्यवस्था राज्य के लिए चिंता का विषय है और ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरूरत है। विगत तीन वर्षों में प्रदेश में लगभग साढ़े तीन हजार लड़कियां एवं महिलाएं लापता हुई हैं। राज्य बाल अधिकार आयोग ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। आयोग की अध्यक्ष सुशीबेन शाह ने विशेष पुलिस महानिरीक्षक को लापता लड़कियों और महिलाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देने का आदेश दिया है। महाराष्ट्र में पिछले तीन साल में करीब साढ़े तीन हजार लड़कियां और महिलाएं गायब होने की जानकारी पुलिस के आंकड़ों से हुई है। इस संदर्भ में बाल अधिकार आयोग की अध्यक्ष सुशीबेन शाह ने शुक्रवार को विशेष पुलिस महानिरीक्षक को पत्र लिखकर ध्यान केंद्रित किया है। राज्य में लड़कियों और महिलाओं के लापता होने की दर में काफी वृद्धि हुई है और यह मामला बेहद गंभीर है। इसलिए इस मामले में तत्काल कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। इसलिए, बाल अधिकार आयोग ने सूचित किया कि इस मामले पर चर्चा करने के लिए अध्यक्ष सुशीबेन शाह २४ मई को विशेष पुलिस महानिरीक्षक से मुलाकात करेंगी। इस बैठक में लापता लड़कियों और महिलाओं का जिला अनुसार, विवरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। इससे पहले राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर भी इस मामले में कार्रवाई के आदेश दे चुकी हैं। पिछले कुछ दिनों में महिलाओं और बच्चियों के गायब होने की घटनाओं में इजाफा हुआ है। लापता लड़कियों की संख्या बढ़ रही है। इस संबंध में महिला आयोग के समक्ष एक रिपोर्ट और उपाय प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं।



# ऑनलाइन टास्क फ्रॉड मतलब, लाइक का लफड़ा! चारा डालकर बनाते हैं शिकार

मुंबई : घर बैठे यू-ट्यूब वीडियोज या अन्य किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी पोस्ट को सिर्फ लाइक अथवा शेयर करके प्रतिदिन घर बैठे हजारों रुपए कमाएं, ऐसा झांसा देनेवाला को ई-मैसेज यदि आपके स्मार्ट फोन खासकर व्हॉट्सऐप आदि पर आए तो आपको सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि ये निश्चित तौर पर साइबर सेंधमारों द्वारा आपको मूर्ख बनाने का प्रयास हो सकता है। मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने ३ ऐसे ही अलग-अलग मामलों में १२ ठगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग फेसबुक, व्हॉट्सऐप या फोन पर सामान्य मैसेज भेजकर लोगों को पार्ट टाइम जॉब का प्रलोभन देते थे और फिर यू-ट्यूब अथवा दूसरी सोशल नेटवर्किंग साइटों पर वीडियो पोस्ट लाइक, शेयर, फॉलो, सब्सक्राइब करने पर प्रति लाइक ५० से १५० रुपए देने यानी जितना ज्यादा लाइक, उतना ज्यादा कमीशन का प्रलोभन देते थे। बता दें कि मुंबई पुलिस की हद में पिछले करीब ४ महीनों में ऑनलाइन टास्क फ्रॉड के मामलों में जबरदस्त उछाल दर्ज हुआ है। जनवरी २०२३ से अप्रैल २०२३ के बीच साइबर ठगों ने करीब १७० लोगों को साढ़े पांच करोड़ रुपए का चूना लगा दिया था। बेतहाशा बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने का निर्देश मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर ने साइबर सेल सहित सभी पुलिसकर्मियों को दिया था। डीसीपी बालसिंह राजपूत के मार्गदर्शन में जांच के दौरान दक्षिण विभाग साइबर सेल की टीम ने ३० मार्च २०२३ से ५ अप्रैल २०२३ के बीच दर्ज २५,३५,७५० रुपयों की ठगी के एक मामले में ६ आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से दो लैपटॉप, ११ मोबाइल फोन व विविध फर्जी कंपनियों की जानकारी हासिल हुई। इसी तरह पूर्व साइबर विभाग की टीम ने ५ मार्च से १८ मार्च के बीच २७ लाख रुपए की ठगी के मामले में ३ आरोपियों को तो वहीं १० जनवरी से १० फरवरी, २०२३ के बीच १०,८७,००० रुपयों की ठगी के एक अन्य मामले में ३ लोगों को राजस्थान के अजमेर व भीलवाड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। जांच में पता चला है कि आरोपी बड़े मॉल या पॉश इलाकों में स्थित व्यावसायिक इमारतों में अपना कार्यालय (कॉल सेंटर) खोलते थे तथा वहां से लोगों को व्हॉट्सऐप आदि पर पार्टटाइम जॉब का मैसेज भेजते थे। मैसेज में दिलचस्पी लेनेवालों को वे टेलीग्राम पर सदस्य बनाते थे तथा वहां से लाइक आदि के बदले पहले थोड़ा पैसा भेजते थे, लेकिन बाद में ज्यादा कमाने का झांसा देकर लोगों को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करते थे। पैसा भरनेवालों को जब खुद के ठगे जाने का एहसास होता था और वे अपने पैसों की मांग करते तो उन्हें ग्रुप से बाहर निकाल दिया जाता था। इस मामले में ज्यादातर मध्यमवर्गीय परिवार व कम शिक्षित लोग ही शिकार बनते हैं और वे पुलिस के पास शिकायत करने कम ही पहुंचते हैं, ऐसा डीसीपी बालसिंह राजपूत ने कहा।



# सड़क निर्माण के नाम पर हो रही है करोड़ों की लूट पहले सड़क निर्माण, फिर होती है खुदाई



**जेकेएस संवाददाता**

वसई : वसई-विरार शहर मनपा अंतर्गत सड़कों की मरम्मत कार्य के नाम पर लूट का खेल चल रहा है। मनपा पहले अपने ठेकेदारों के माध्यम से सड़क मरम्मत का कार्य कराती है। बरसात को देखते हुए मनपा सड़क मरम्मत का कार्य तेजी से कर रही है, लेकिन बाद में उसी सड़क को फिर से खोदने की अनुमति देकर करोड़ों की लागत से बनी हुई सड़क को बर्बाद करने का काम कर रही है। मनपा सड़क खुदाई की अनुमति देकर जनता के पैसों की लूट का खेल खेल रही है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण नालासोपारा-पूर्व के टाकी रोड, ओस्तवाल नगरी व सेंट्रल पार्क, आचोले रोड आदि इलाकों में देखने को मिल रहा है। इन क्षेत्रों में मनपा ने एक महीने पहले सड़क मरम्मत का कार्य करवाया था। लेकिन अब गुजरात गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए उसी सड़क खुदाई की अनुमति दी गई है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्ष के वसई-विरार जिलाप्रमुख पंकज देशमुख ने शिकायत करके इसकी जांच कराने की मांग की है। वसई-विरार जिला शिवसेना (यूटीबी) के उत्तर भारतीय विभाग प्रमुख सुरेंद्र सिंह (राज) ने मनपा को लिखित शिकायत देकर जांच कराने की मांग की है। राज का कहना है कि यह मामला पूर्णरूप से भ्रष्टाचार से प्रेरित है। मनपा अधिकारी सड़क मरम्मत / निर्माण के नाम पर जनता के पैसों की लूट में लगे हैं। नालासोपारा विधानसभा के विधायक क्षितिज ठाकुर ने कहा कि जिन-जिन क्षेत्रों में गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोद कर छोड़े जाने की शिकायत है। उसकी जानकारी मनपा को देकर आने वाले बरसात के पहले ही उन सभी सड़कों को दुरुस्त करवाया जाएगा। वसई-विरार मनपा के कार्यकारी अभियंता राजेंद्र लाड ने बताया कि सरकारी काम है, अनुमति तो देनी ही पड़ेगी। मई के अंत तक सभी सड़कों को दुरुस्त करा लिया जाएगा।

# वर्कऑर्डर मिले बिना : ठेकेदारों ने गड्ढा भरने से किया इनकार!

मुंबई : मुंबई में ४०० किमी सीमेंट कंक्रीट सड़क के लिए महापालिका ने ६०० करोड रुपए के काम का वर्कआर्डर दिया था। फिर भी ९०० में से केवल ८६ काम शुरू हैं। वर्कऑर्डर मिलने के बाद भी प्रत्यक्ष रूप से काम शुरू होने तक संबंधित सड़क के गड्ढे की जवाबदारी अपनी नहीं हैं, यह कहते हुए ठेकेदारों ने अपने हाथ ऊपर उठा लिए है। इसलिए अड़चन में आई मनपा ने गड्ढे को पाटने के लिए पुन: ८४ करोड़ का टेंडर निकाला है। मनपा की यह भूमिका नियम के बाहर की होने की बात कही जा रही है। बता दें कि मुंबई मनपा के अधिकार क्षेत्र में लगभग दो हजार किलोमीटर सड़कें हैं। इन सभी सड़कों को सीमेंट कंक्रीट बनाने की योजना मनपा ने बनाई है। इसमें करीब एक हजार किमी सड़कों की सीमेंट-कंक्रीटिंग का काम भी पूरा हो चुका है, जबकि शेष सड़कों को चरणबध तरीके से सीमेंट-कंक्रीट का बनाया जा रहा है। इसमें इस साल ४०० करोड़ रुपए की सड़कों के लिए मनपा ने छह करोड़ रुपए के काम का वर्कऑर्डर पांच ठेकेदारों को दिया है। इस वर्ष भारी पैमाने पर काम हो रहे हैं, इसलिए मनपा को विशेषज्ञों ने योग्य ठेकेदारों को नियुक्त करने के लिए कहा है। ठेकेदारों ने मनपा से कहा है कि जिन सड़कों पर काम शुरू नहीं हुआ है, वहां के गड्ढों के लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं। बरसात के मौसम में ठेकेदारों ने गड्ढों को भरने से मना कर दिया तो मनपा ने खुद गड्ढों को भरने का निर्णय लिया है। मनपा की ओर से स्पष्ठ किया गया कि ८४ करोड़ रुपए खर्च की वसूली संबंधित ठेकेदारों से की जाएगी, इससे सड़क के गड्ढों को भरा जाएगा। जहां जरूरत होगी, वहां मरम्मत की जाएगी। साइड लाइन की मरम्मत की जाएगी। मनपा ने इस काम को १५ जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।



# डॉक्टर करती थी नवजात बच्चों का सौदा! सामाजिक कार्यकर्ता ने किया पर्दाफाश

**जेकेएस संवाददाता**

उल्हासनगर : उल्हासनगर में नवजात बच्चों को बेचनेवाली एक महिला डॉक्टर के गिरोह का एक सामाजिक कार्यकर्ता ने पर्दाफाश किया है। इस घटना से शहर में सनसनी पैंल गई है। जानकारी के अनुसार, उल्हासनगर कैंप नंबर ३, भगत सिंह कवरराम चौक इलाके में स्थित डॉ. चित्रा चैनानी का महालक्ष्मी क्लिनिक है। इसी क्लिनिक से काफी दिनों से नवजात बच्चों को बेचने का धंधा किया जाता था। इसकी खबर सामाजिक कार्यकर्ता सानिया हिंदुजा को मिलते ही उन्होंने ज्योति मोरे नामक एक महिला को डमी ग्राहक बनाकर डॉ. चैनानी के पास भेजा। मोरे ने डॉक्टर से एक बेटा पाने की इच्छा जाहिर की। डॉ. चैनानी ने कहा कि दो दिन का एक बच्चा है, जिसकी कीमत ७ लाख रुपए है। उसके बाद ज्योति मोरे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस की सानिया हिंदुजा को इसकी जानकारी दी। खबर मिलते ही महिला बाल कल्याण विभाग व अपराध जांच विभाग ने मौके पर पहुंचकर बच्चे का सौदा करते समय डॉ. चित्रा को रंगे हाथों पकड़ा। इस मामले में डॉ. चित्रा चैनानी (६१), देमाना कमरेवर (५५), संगीता वाघ (४८), गंगा योगी (२५), प्रतिभा मगरे (३०) व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर मध्यवर्ती पुलिस आगे की जांच कर रही है।



# पुराने सामानो को मनपा करेगी दान

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा भायंदर शहर के नागरिकों को अपने घरों के साथ शहर को स्वच्छ रखना आसान होगा। अब अपने घरों के गैर जरूरत की सामग्री को मीरा भायंदर महानगरपालिका के रिड्यूस, रियुज और रीसाइकल (आर आर आर) सेंटर में जमा करा कर उस से मुक्त हो सकेंगे। इसके लिए मनपा के सभी ६ प्रभाग में एक –एक आरआरआर केंद्र शुरू किए जायेंगे। केंद्रीय आवास और नागरिक मामलों के मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर (टीएमडब्ल्यूए) अभियान को १५ मई से अगले ३ सप्ताह तक पूरे राज्य में लागू करने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के तहत रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकल सेंटर यानी आरआरआर केंद्र स्थापित करने के निर्देश आयुक्त – प्रशासक दिलीप ढोले ने दिए हैं। मीरा–भायंदर शहर में ६ जगहों पर आरआरआर सेंटर बनाए जाएंगे। इस केंद्र में शहर के लोग अपनी बेकार की वस्तुएं दान कर सकते हैं। उन वस्तुओं को जरूरतमंद व्यक्तियों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। बाकी सामान को रिसाइक्लिग के लिए भेजा जाएगा। मनपा ने सभी सामाजिक संगठनों, इंटर्न के छात्रों, शहर के समझदार नागरिकों से इस अभियान में भाग लेने की अपील की है। इन आरआरआर केंद्रों का मुख्य उद्देश्य शहर के नागरिकों द्वारा उपयोग की जाने वाली पुरानी किताबें, प्लास्टिक, कपडे, जूते, पुराने बर्तन, खिलौने और अन्य बेकार वस्तुओं को इकट्ठा करने और पुन: उपयोग करने के लिए 'रिड्यूस, रीयूज एंड रीसायकल' केंद्र यानी आरआरआर केंद्र स्थापित करना है।

# कुत्तों के कोहराम से शहरवासी परेशान

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर: मीरा भायंदर शहर में लगातार सडक़ के लावारिस कुत्तों (स्ट्रीट डॉग) की संख्या में वृद्धि हुई है। कुछ परिसरों में कुत्ते खूंखार भी हो रहे हैं। पिछले १८ महीने में १३,९०० लोगों को इन कुत्तों ने काटकर अपना शिकार बनाया है। जिसका रिकॉर्ड महानगर पालिका में भी दर्ज है। देखा जाए तो करीब २८ व्यक्ति प्रतिदिन कुत्ते द्वारा काटे जाने के शिकार हो रहे हैं। जिससे लोगों में भय का वातावरण है। भायंदर पूर्व के नवघर रोड, रामदेव पार्क, मीरा रोड के नया नगर, जांगिड, विजयनगर, कानकिया, इंद्रलोक, आइडियल पार्क, एल.आर तिवारी कॉलेज आदि परिसरों में निरंतर सडक़ के कुत्तों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। वही इन कुत्तों की वजह से रात के समय मोटरसाइकिल,



स्कूटी सवार लोग कई बार दुर्घटनाग्रस्त भी हुए हैं। यह कुत्ते कभी–कभी झुंड बनाकर किसी स्कूटी या मोटरसाइकिल सवार का पीछा करने लगते हैं। जिससे घबराहट में दुर्घटना घटित होने की संभावना रहती है। मीरा भायंदर महानगरपालिका के स्वास्थ्य विभाग से उपलब्ध जानकारी के अनुसार २०२२ में कुल १०,००० लोग कुत्ते के काटने के शिकार हुए थे। वही वर्तमान में २०२३ अप्रैल माह तक करीब ३,९०० लोग डॉग बाइट के शिकार हुए हैं। जिनका उपचार मनपा के स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया। मीरा–भायंदर मनपा क्षेत्र में घोडब़ंदर से लेकर भायंदर पश्चिम के उत्तन तक करीब ४० से ४५ हजार स्ट्रीट डॉग्स (सडक़ के कुत्ते) हैं। शहर में इन कुत्तों के जनसंख्या वृद्धि पर अंकुश लगाने, रैबीज के टीके व उपचार के लिए भायंदर पश्चिम के शिरे गांवठन में मनपा का एक नसबंदी व टीकाकरण केंद्र बना हुआ है। इस नसबंदी केंद्र में मात्र ४० पिंजरे बने हुए थे। पिंजरों की संख्या बढाने और केंद्र की मरम्मत के लिए विगत ८ माह से यह केंद्र बंद था। अब यहां १०० पिंजरे, नया ऑपरेशन थियेटर बनाए गए हैं साथ ही केंद्र को पहले की अपेक्षा बडा बनाया गया है। यहां पर डॉ हेमंत राजपूत और ६ कर्मचारी कार्यरत हैं। यहां प्रतिदिन १२ से १८ कुत्तों की नसबंदी की जाती है। वर्ष २०२१ – २२ में ४,६६४ और २०२२ – २३ में अबतक २,४१९ कुत्तों की नसबंदी और रैबिज के टीकाकरण किए गए, ऐसी जानकारी पशु वैधकीय अधिकारी डॉ. विक्रम निराटले ने दी।

मार्च से जून माह के बीच सड़क के कुत्तों को पिक्स नामक कीटाणु ज्यादा परेशान करते हैं। जिनके काटने से उन्हें तेज बुखार हो जाता है। इस समय ये आक्रामक रहते हैं। इसके अलावा मादा कुतिया जब गर्भवती हो या प्रजनन के बाद अपने पिल्लों की सुरक्षा के लिए भी आक्रामक हो जाती है। स्ट्रीट डॉग्स के आक्रामक होने में मानवीय व्यवहार, भूख –प्यास और सडक़ों पर मोटरसाइकिलों की रेस, रफ ड्राइविंग की आवाज से भी इनमे आक्रामकता बढती है – डॉ विक्रम निराटले (पशु वैधकीय अधिकारी)

स्ट्रीट डॉग्स (कुत्ते), बिल्लियों का जीवन भी हम इंसानों पर ही अवलंबित रहता है। उन्हें भी भूख, प्यास और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हम इंसानों जैसी ही होती है, लेकिन वे अपनी परेशानी हम इंसानों की तरह व्यक्त नहीं कर पाते, इसलिए कभी कभी आक्रामक हो जाते हैं। अपने आस पास के परिसरों, अपने घरों या दुकानों के बाहर घूमने वाले ऐसे मूक प्राणियों के खाने – पीने का ख्याल रखना चाहिए। इनमें स्वास्थ्य खराब का लक्षण दिखाई देने पर मनपा के डॉक्टर को इसकी सूचना देनी चाहिए। इन्हे मारना – पीटना नहीं चाहिए, तो ये आक्रामक नहीं होंगे – मोजेस चिनप्पा (प्राणी मित्र)

# पुर्वेश सरनाईक ने किया समर वंडरलैंड का आयोजन, लोगों ने उठाया लाभ

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड : वर्तमान में स्कूलों में ग्रीष्मावकाश शुरू है। ऐसे में छोटे बच्चों, विद्यार्थियों को मनोरंजन के पल बिताने का अवसर प्राप्त हो इसलिए युवा नेता पुर्वेश सरनाईक द्वारा १८ से २१ मई के दौरान चार दिवसीय समर वंडरलैंड फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। यह आयोजन मीरा रोड के रामदेव पार्क में स्थित सेवन स्क्वायर स्कूल के पास महानगर पालिका के मैदान में किया गया है। जिसका उद्घाटन विधायक प्रताप सरनाईक के हाथों गुरुवार को शाम ४ म्यूजिक शो के साथ किया जाएगा। पुर्वेश सरनाईक की संकल्पना से आयोजित इस समर वंडरलैंड कार्यक्रम में बच्चों व विद्यार्थियों के लिए लाइव म्यूजिक, फूड स्टॉल, गेम जोन, विभिन्न कार्यशाला और खरीददारी के लिए शॉपिंग विभाग की व्यवस्था की गई है। छोटे बच्चों वह विद्यार्थियों को गेम खेलने के लिए करीब १०,००० वर्ग फुट में गेम जोन तैयार की गई है। कार्यशाला में बच्चों को चित्रकला, विभिन्न वस्तुओं से बनाए जाने वाले हस्तकला के अलावा स्कूली विद्यार्थियों को अन्य व्यासपीठ भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेल, जादू के प्रयोग और बच्चों के अंदर छुपे कला को उभारने विषयक कार्यशाला भी उपलब्ध कराई गई है। खास सेल्फी प्वाइंट की व्यवस्था भी की गई है। शाम को ४ बजे से रात के १० बजे तक यह फेस्टिवल शुरू रहेगी। इस फेस्टिवल का लाभ भारी तादाद में लोगों ने उठाया. इस फेस्टिवल में मुक्त प्रवेश की व्यवस्था थी. प्रवेश पूर्व नागरिकों को अपने नाम का पंजीयन कराया।

# शहर बनेगा साफ सुथरा फ्लैशमॉब के द्वारा जागरुकता अभियान



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र के नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता पैदा करने के लिए विधायक गीता भरत जैन, मनपा आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले की उपस्थिति में भायंदर पश्चिम के मैक्सस मॉल प्रांगण में फ्लैशमॉब का आयोजन मनपा प्रशासन द्वारा किया गया। इसमें हर उम्र के लडक़े–लडकियां शामिल हुए। फ्लैशमॉब मुहिम के तहत सभी स्वच्छता संबध में लिखे स्लोगन के फलक लेकर संगीत की ताल पर नृत्य रहे थे। जिसका उद्देश्य शहर के नागरिकों को स्वच्छता के लिए जागरूक करना था। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मनोरकर, उपायुक्त रवि पवार, उपायुक्त कल्पिता पिंपले, स्वच्छ मीरा भायंदर के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता शांतनु मोघे विशेष रूप से उपस्थित थे।

# इस साल मानसून का होगा कहर, जनता रहे होशियार

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : मानसून के दौरान मुंबई में भारी बारिश होने पर बरसाती बाढ़ के कारण लोगों पर परेशानी का खतरा हमेशा मंडराता रहता है। इस समस्या से निपटने के लिए मुंबई मनपा डेढ़ से दो महीने पहले से ही तैयारियों में जुटी रहती है। लेकिन इस साल राज्य सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक के उपेक्षापूर्ण बर्ताव और अधिकारियों की सुस्ती के कारण मुंबई पर बरसात में डूबने का खतरा मंडरा रहा है। मानसून के दौरान १७ दिन ये खतरा कुछ ज्यादा ही बढ़ जाएगा। क्योंकि इन १७ दिनों में समंदर में हाईटाइड कुछ ज्यादा ही हाई रह सकता है। उस दौरान समंदर में ४.५ मीटर तक लहरों के उफान मारने का अनुमान खगोल के जानकार एवं पंचांग विशेषज्ञ सोमण ने जताया है। सोमण का कहना है कि हाईटाइड के दौरान यदि मुंबई में तेज बारिश होती है तो बाढ़ आने का खतरा बढ़ जाएगा। बता दें कि मुंबई महानगर को तीन तरफ से घेरनेवाले अरब सागर में मानसून के दौरान आनेवाले ज्वार–भाटा (हाईटाइड / लोटाइड) को



लेकर मौसम विभाग ने हाल ही में अलर्ट जारी किया था। मानसून में सबसे ऊंचे हाईटाइड की तारीखें भी मौसम विभाग ने जारी की थीं। अब खगोल व पंचांग के जानकार सोमण ने कुल १७ दिन ऊंचे एवं खतरनाक हाईटाइड की चेतावनी दी है। सोमण के अनुसार, मुंबईकर बारिश के मौसम में हाईटाइड और बारिश के दौरान एहतियात बरत कर विभिन्न दुर्घटनाओं से बच सकते हैं।

ये हैं खतरे के १७ दिन

(१) ४ जून, रविवार दोपहर १२.१६

(२) ५ जून, सोमवार १.०१ बजे

(३) ६ जून, मंगलवार १.४७ अपराह्न

(४) ७ जून, बुधवार दोपहर २.३५ बजे

(५) ८ जून, गुरुवार दोपहर ३.२५ बजे

(६) ३ जुलाई, सोमवार दोपहर १२.०२ बजे

(७) ४ जुलाई, मंगलवार १२.४९ बजे

(८) ५ जुलाई, बुधवार दोपहर १.३६ बजे

(९) ६ जुलाई, गुरुवार २.२३ अपराह्न

(१०) ७ जुलाई, शुक्रवार दोपहर ३.१० बजे

(११) ८ जुलाई, शनिवार दोपहर ३.५५ बजे

(१२) १ अगस्त, मंगलवार प्रात: ११.४६ बजे

(१३) २ अगस्त, बुधवार २२.३० बजे

(१४) ३ अगस्त, गुरुवार दोपहर १.१४ बजे

(१५) ४ अगस्त, शुक्रवार दोपहर १.५६ बजे

(१६) ५ अगस्त, शनिवार दोपहर २.३८ बजे

(१७) ६ अगस्त, रविवार दोपहर ३.२० बजे बजे

# रिपब्लिकन पार्टी का महाअधिवेशन २८ को होगा शिरडी में



मीरारोड : रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) विधान सभा अध्यक्ष राजू तोराने ने बताया कि रिपब्लिकन पार्टी का महाधिवेशन २८ को शिरडी में होगा. इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले, राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल, स्थानीय जिले के कई गणमान्य नेता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे. रिपाई का। रिपब्लिकन पार्टी के इस सम्मेलन में पश्चिम विदर्भ, पूर्वी विदर्भ, मराठवाडा, पश्चिम महाराष्ट्र, उत्तरी महाराष्ट्र, कोंकण, मुंबई, महाराष्ट्र के ठाणे क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे. महासम्मेलन २८ मई को शाम ५ बजे शिरडी के कांडा मार्केट के



सामने होगा; शिर्डी रहटा रोड, शिर्डी, जिला। शहर में आयोजित होगा। इस बैठक में रामदास आठवले के अनुमोदन से दलितों, आदिवासियों, झुग्गी–झोपडिय़ों, मराठों, किसानों, श्रमिकों आदि के न्यायाधिकार की विभिन्न मांगों के प्रस्तावों को रिपब्लिकन पार्टी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा.

# शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा - शैलेश पांडे

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : महाराष्ट्र ही नहीं अपितु पूरे देश में श्रद्धा का केंद्र माने जाने वाले, १२ ज्योतिर्लिंगों में से एक नासिक स्थित त्रंबकेश्वर मंदिर में पिछले दिनों, एक विशेष वर्ग के कुछ संदिग्ध लोगों द्वारा जिस तरह से प्रवेश करने का प्रयास किया गया, उसे देखते हुए एक तरफ जहां मंदिर प्रशासन ने स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है, वहीं सत्तारूढ. भारतीय जनता पार्टी ने भी इस पर कडी आपत्ति जताते हुए मामले की गहराई से जांच किए जाने की बात कही है। बीजेपी प्रवक्ता शैलेश पांडे ने कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तत्काल इस मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के लिए विशेष टीम ( एसआईटी) की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मामला बेहद गंभीर है और इसकी तह तक जांच होनी चाहिए। इसके पीछे जिन लोगों का हाथ है, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। शैलेश पांडे ने कहा कि महाराष्ट्र का अमन–चैन बिगाडऩे वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।



# मासूम बच्चे की डंडे से पिटाई, टिचर पर मामला दर्ज

भायंदर। संडे–मंडे की स्पेलिंग न आने पर भायंदर पश्चिम के गणेश देवल नगर में एक निजी ट्यूशन शिक्षिका प्रतिमा सुभाषचंद्र प्रजापति ने छह साल के बच्चे की बेरहमी से पिटाई कर दी। शिक्षिका द्वारा लकडी के डंडे से बच्चे के पीठ, हाथ, सिर पर वार किए गए और कई की पीठ पर वार किए गए। पालक की शिकायत पर भायंदर पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नाबालिग छात्रा को पीटने के मामले में पुलिस ने बताया कि भायंदर पश्चिम के गणेश देवल नगर में रहने वाली कल्पना निषाद का छह साल का बेटा सीनियर केजी में पढ.रहा है। स्कूल में छुट्टी होने के कारण माता–पिता बच्चे को अंग्रेजी का अभ्यास करने के लिए इलाके में प्रतिमा प्रजापति की कक्षाओं में भेजते थे। ११ मई को करीब १०:३० बजे लडक़ा रोता हुआ घर आया। बच्चे ने पूछने पर बताया कि शिक्षिका प्रतिमा ने मुझे बहुत पीटा था, क्योंकि मैं 'संडे, मंडे' की स्पेलिंग नहीं पढ.पा रहा था। कल्पना ने बेटे की हालत देखी, तो उसे भी लगा कि उसके बेटे की बेरहमी से पिटाई की गई है। जिसके बाद अभिभावक कल्पना निषाद ने तुरंत भायंदर थाने में उक्त शिक्षिका के विरुद्ध शिकायत दर्ज करायी।

# कुख्यात आरोपी काले गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

पालघर : महाराष्ट्र के पालघर में डकैती के मामले में १४ साल से अधिक समय से फरार आरोपी को पुलिस ने सतारा जिले से गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मीरा भायंदर–वसई विरार पुलिस के वरिष्ट निरीक्षक राहुल राख ने कहा कि २१ अगस्त, २००८ को कुछ लोग विरार इलाके में एक मकान में घुसे और वहां रहने वाले लोगों को लोहे की छडों से पीटने के साथ ही १७,००० रुपये मूल्य के सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि आरोपियों में से एक की पहचान तेचर बंद्या काले के रूप में हुई। पुलिस ने इसके बाद इस संबंध में डकैती का मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। बाद में इसमें काले तथा अन्य आरोपियों के खिलाफ सख्त महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के प्रावधान भी जोडे.गए। पुलिस को यह पता चला कि काले डकैती के कई अन्य मामलों में भी शामिल है और वह गिरफ्तारी से बच रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस जांच टीम ने तकनीकी और खुफिया सूचनाओं की मदद ली और उन्हें सतारा में पुसेगांव गांव में काले के होने का पता चला, जहां वह छिपा हुआ था। उन्होंने बताया कि आरोपी को सोमवार को पकड. लिया गया।

# ऑनलाइन शॉपिंग के हैं शौकीन तो हो जाएं सावधान! मंगाई थी ब्रांडेड कंपनी की स्मार्ट वॉच

पालघर : आजकल ऑनलाइन शॉपिंग का क्रेज बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोग ई–कॉमर्स साइट्स से मोबाइल, लैपटॉप, फेब्रिक समेत कई महंगे आइट्मस ऑर्डर करते हैं, लेकिन इसके साथ–साथ धोखाधड़ी के मामले भी बढ़ गए हैं। कई बार देखने में आया है कि किसी ग्राहक ने जो सामान मंगाया था, उसकी जगह कोई और प्रोडक्ट मिला। कुछ मामलों में तो डिलीवरी बॉक्स में रद्दी, पत्थर या आलू तक मिले। बोईसर शहर के पूर्व में एक ग्राहक विश्वास राठौड़ ने एक स्मार्ट वॉच आर्डर की, जिसकी एक वर्ष की वारंटी दी गई थी, लेकिन कुछ ही महीने में घड़ी बंद पड़ गई तो उसकी कंपनी में शिकायत दर्ज करवाई गई। उसके बाद शिकायत के आधार पर कंपनी ने घड़ी वापस मंगवाई पर उसके बाद ग्राहक के साथ जो भद्दा मजाक हुआ वो हैरान कर देने वाला था। जब कुछ दिनों के बाद रिप्लेसमेंट के मुताबिक, कंपनी द्वारा दूसरी घड़ी पार्सल भेजी गई तो ग्राहक ने भी चतुराई दिखाते हुए पैक पार्सल को खोलते वक्त वीडियो बनाया, जब पार्सल ओपन किया तो देखा कि उसमें कुछ नहीं है एकदम खाली बॉक्स जो कंपनी की प्रिंटेड टेप



पट्टी से पैक किया हुआ था। इस संदर्भ में उपभोक्ता ने कंपनी को मेल किया कि यह एक गलती है या ग्राहक के साथ धोखा, पर कंपनी की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। इसके साथ ही आप कंज्यूमर कोर्ट जाकर भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा साइबर अपराध होने की स्थिति में आप पुलिस में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग करते वक्त किसी जानी–मानी ई–कॉमर्स साइट से ही सामान खरीदें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI